# कार्यालय, महात्मा गाँधी जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान (डायट) टीकापट्टी, कटिहार

## दो वर्षीय सेवा पूर्व प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन) सत्र 2020–22 में नामांकन हेतू सूचना

महात्मा गाँधी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डायट, टीकापट्टी कटिहार में अकादमिक सत्र 2020–22 में दो वर्षीय सेवा पूर्व प्रशिक्षण में नामांकन हेतु पुरूष एंव महिला उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

| क्रमांक | प्रशिक्षण का नाम | संस्थान का नाम | नामांकन हेतू स्वीकृत कुल सीटो की संख्या | प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 01 | डी0एल0एड0 | महात्मा गाँधी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), टीकापट्टी कटिहार | 150 (75 (विज्ञान) एवं 75 (कला / वाणिज्य) | सह–शिक्षा |

### ⇒ नामांकन हेतु अहर्ता

1. अभ्यर्थी की पहली जनवरी 2020 को न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए, आयु की अधिकतम नही रखी जायेगी।
2. नामांकन हेतू सामान्य अभ्यर्थियो की न्यूनतम शैक्षिक अहर्ता इंटर /+2 में 50 प्रतिशत अंको की है तथा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / निःशक्त के लिए 5 प्रतिशत छूट निर्धारित है।
3. NCTE द्वारा कुल सीट का 5 प्रतिशत निःशक्त अभ्यर्थियो के लिए आरक्षित होगा। तथा 10 प्रतिशत उर्दू विषय के अभ्यर्थियो के लिए आरक्षित होगा। निःशक्त एवं उर्दू विषय के अभ्यर्थियो के लिए क्षैतिज(Horizontal) आरक्षण लागू होगा। परन्तु उर्दू विषय के अभ्यर्थियो के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत सीट ही क्षैतिज रूप से आरक्षित रहेगी।
4. सीट का 50 प्रतिशत विज्ञान तथा 50 प्रतिशत कला / वाणिज्य अभ्यर्थियो के लिए आरक्षित होगा।
5. नामांकन में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमो का अनुपालन किया जायेगा।

### ⇒ चयन का आधारः–

नामांकन हेतु चयन का आधार दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में प्राप्त प्राप्ताकों का प्रतिशत होगा। दोनो कक्षाओं में प्राप्त प्राप्तांको के प्रतिशत का औसत निकालते हुए नामांकन हेतु मेधा सूची का निर्माण कोटिवार किया जायेगा। प्राप्ताकों के प्रतिशत का औसत समान रहने पर अधिक योग्यताधारी अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी। प्राप्ताकों के प्रतिशत का औसत एवं योग्यता समान रहने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।

उर्दू अभ्यर्थियो के लिए सर्वप्रथम मौलवी योग्यताधारी अभ्यर्थियों के चयन पर विचार किया जायेगा। मौलवी योग्यताधारी अभ्यर्थी की अनुपलब्धता की स्थिति में वैसे अभ्यर्थियों के चयन पर विचार किया जायेगा जिन्होनें उर्दू विषय को ऐच्छिक विषय के रूप में पढ़ा हो तथा उन्होंने उर्दू में नामांकन हेतु अधीच्छा दी हो। उपर्युक्त दोनो की अनुपलब्धता की स्थिति में वैसे अभ्यर्थियों के चयन पर विचार किया जायेगा जिन्होंने अहिन्दीभाषी अभ्यर्थियों की तरह उर्दू पढ़ा हो।

### ⇒ नामांकन शुल्क

नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थियो से प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में क्रमशः 11500.00 (ग्यारह हजार पाँच सौ) मात्र एव 8500.00 (आठ हजार पाँच सौ) रू0 शुल्क के रूप में ली जायेगी। केवल अनुसूचित जाति / जनजाति तथा निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में क्रमश 7,000.00 (सात हजार) मात्र एवं 5000.00 (पाँच हजार) मात्र रू0 शुल्क के रूप में ली जायेगी । उपर्युक्त राशि अभ्यर्थियों के मासिक भोजन एवं छात्रावास शुल्क को छोड़कर निर्धारित है।

### ⇒ आवेदन पत्र

राज्य की न्यूनतम अहर्ताधारी अभ्यर्थी नामांकन हेतु आवेदन **केवल ऑनलाइन माध्यम से** प्रशिक्षण संस्थान के वेबसाइट **www.diettikapattikatihar.in** पर दिनांक–21.12.2020 से दिनांक 04.01.2021 तक समर्पित करेंगें। **अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगे।**

### ⇒ आवेदन शुल्कः–

आवेदको को आवेदन के मद में कुल रू0 100/– का भुगतान महाविधालय के बेबसाइट **www.diettikapattikatihar.in** पर प्रदर्शित निर्देशो के अनुसार करना होगा, जिसे वापस नहीं किया जायेगा। **अन्य किसी माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

Scanned with CamScanner

## (आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न करना आवश्यक होगा)

(क) सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्त प्रमाण–पत्र (निःशक्त कोटि)/आरक्षित कोटि के लिए जाति प्रमाण पत्र/आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति, सभी कोटियों के लिए आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ख) मैट्रिक और इन्टरमीडिएट का अंक प्रमाण पत्र एंव मूल प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।

(ग) उच्चयोग्यता (अगर हो, तो) का अंक प्रमाण पत्र एंव मूल प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।

(घ) निदेशक शोध एवं प्रशिक्षण बिहार पटना के पत्रांक – 315/दिनांक– 16.12.2020 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में सत्र 2020–22 में नामांकन का कार्य निम्नवत कैलेंडर के अनुसार होगा। :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि – | **04.01.2021 (सोमवार) तक** |
| 2. | मेघा सूची का निर्माण एवं नामांकन समिति की बैठक का आयोजन– | **11.01.2021 (सोमवार) तक** |
| 3. | वृहत मेधा सूची (सभी समर्पित आवेदन हेतु) का प्रकाशन (महाविद्यालय के बेबसाईट एवं सूचना पट्ट पर) – | **13.01.2021 (बुधवार) तक** |
| 4. | मेधा सूची पर अभ्यर्थी द्वारा आपत्ति प्राप्त करना – | **20.01.2021 (बुधवार) तक** |
| 5. | प्राप्त आपत्ति के निराकरण के उपरान्त अन्तिम मेधा सूची (सीट के अनुसार अभ्यर्थियों की सूची) एवं कोटिवार/विषयवार सम्पूर्ण प्रतीक्षक सूची का प्रकाशन (महाविद्यालय के बेबसाईट एवं सूचना पट्ट पर) एवं अन्तिम मेधा सूची तथा सम्पूर्ण प्रतीक्षक सूची की हार्ड कॉपी की एक प्रति 08.02.2021 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में समर्पित किया जाना। – | **27.01.2021 (बुधवार) तक** |
| 6. | नामांकन हेतु सूचना–प्रेषण (SMS, बेबसाईट एवं ई–मेल पर अनिवार्य रूप से तथा दूरभाष पर अतिरिक्त रूप में) – | **29.01.2021 (शुक्रवार) तक** |
| 7. | नामांकन (प्रथम सूची एवं तद्नुसार प्रतीक्षक सूची दोनो के आधार पर) – | **15.02.2021 (सोमवार) तक** |
| 8. | नामांकन प्रक्रिया बन्द – | **16.02.2021 (मंगलवार) तक** |
| 9. | कक्षा संचालन की तैयारी – | **17.02.2021 से 18.02.2021 तक** |
| 10. | कक्षा संचालन (फेश टू फेश या ऑनलाईन) – | **19.02.2021 (शुक्रवार)** |

**आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विशेष जानकारी हेतु प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) टीकापट्टी, कटिहार के कार्यालय तथा संस्थान के बेबसाईट www.diettikapattikatihar.in पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।**

18|12|20
प्राचार्य
डायट टीकापट्टी, कटिहार।

प्राचार्य,
महात्मा गाँधी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)
टीकापट्टी, कटिहार

18.12.2020
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
कटिहार।

Scanned with CamScanner